# बिहार सरकार
## लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग
### अधिसूचना

**संख्याः–3 / विविध–10101 / 2013** **पटना, दिनांक–**

भारत के संविधान के अनुच्छेद–309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार राज्यपाल ''लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अंचलीय स्तर पर पम्प ऑपरेटर / इलेक्ट्रीशियन (भर्ती एवं सेवा शर्त्तें) नियमावली, 2014'' में संशोधन करने हेतु निम्नलिखित नियमावली बनाते हैः–

1. **संक्षिप्त नाम, विस्तार एवं प्रारंभ ।**– (1) यह नियमावली, ''बिहार राज्य लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अंचलीय स्तर पर पम्प ऑपरेटर एवं इलेक्ट्रीशियन (भर्त्ती एवं सेवा शर्त्तें) (संशोधन) नियमावली, 2024'' कही जा सकेगी।

   (2) इसका विस्तार सम्पूर्ण बिहार राज्य में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मुफस्सिल कार्यालयों तक रहेगा।

   (3) यह राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होगी।

2. **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अंचलीय स्तर पर पम्प ऑपरेटर / इलेक्ट्रीशियन (भर्ती एवं अन्य सेवा शर्त्तें) नियमावली, 2014 के नियम–02 के उप नियम–(ii) का प्रतिस्थापन ।**– उक्त नियमावली के नियम–02 के उप नियम–(ii) को निम्न रूप में प्रतिस्थापित किया जायेगाः–

   "(ii) ''आयोग'' से अभिप्रेत है, ''बिहार तकनीकी सेवा आयोग।"

3. **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अंचलीय स्तर पर पम्प ऑपरेटर / इलेक्ट्रीशियन (भर्ती एवं अन्य सेवा शर्त्तें) नियमावली, 2014 के नियम–05 के उप नियम–(1) का प्रतिस्थापन ।**– उक्त नियमावली के नियम–05 के उप नियम–(1) को निम्न रूप में प्रतिस्थापित किया जायेगाः–

   "**(1) भर्त्ती की प्रक्रिया ।**– सभी नयी भर्त्ती बिहार तकनीकी सेवा आयोग के अनुशंसा पर, पम्प ऑपरेटर एवं इलेक्ट्रीशियन की मूल कोटि में की जायेगी।"

बिहार राज्यपाल के आदेश से
ह0 / –
(पंकज कुमार)
प्रधान सचिव

ज्ञापांक–3 / विविध–10101 / 2013 पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– महालेखाकार, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि–ई0 गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी के साथ बिहार गजट के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

ह0 / –
(पंकज कुमार)
प्रधान सचिव

ज्ञापांक–3 / विविध–10101 / 2013 पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– महामहिम राज्यपाल के सचिव / माननीय मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव / महाधिवक्ता, बिहार / मुख्य सचिव, बिहार / सभी विभागीय अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / राज्यपाल सचिवालय / मुख्यमंत्री सचिवालय / सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग / सचिव, बिहार कर्मचारी चयन आयोग / सचिव, बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(पंकज कुमार)
प्रधान सचिव

ज्ञापांक–3 / विविध–10101 / 2013 पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अपर सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग को मंत्रिपरिषद् की दिनांक–10.01.2025 की बैठक में मद संख्या–14 के प्रसंग में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि–माननीय मंत्री के आप्त सचिव / प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव / सभी विभागीय पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(पंकज कुमार)
प्रधान सचिव

ज्ञापांक–3 / विविध–10101 / 2013 -22 पटना, दिनांक– 10/01/2025

प्रतिलिपि– मुख्यालय स्थित सभी पदाधिकारी / सभी प्रशाखा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि– सभी मुख्य अभियंता / सभी अधीक्षण अभियंता / सभी कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

10/01/2025
(पंकज कुमार)
प्रधान सचिव